


# मासूम की मौत के बाद जागा प्रशासन

## झोलाछाप डॉक्टर कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़

**06** माह की मासूम की मौत का मामला

**50** क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 29 नवम्बर, क्षेत्र में गत दिवस एक 6 माह के मासूम की मौत हो जाने तथा उसके परिजनों द्वारा शहर के एक क्लीनिक संचालक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाये जाने के बाद अब प्रशासन हरकत में आया है. प्रशासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के क्लीनिकों की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है. इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र के करीब 50 क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी कर उनसे क्लीनिक के संचालन सम्बन्धी दस्तावेजों की जानकारी ली जा रही हैं. प्रशासन की इस कार्यवाही से क्षेत्र के अवैध क्लिनिक संचालकों में हड़कंप की स्थिति दिखाई दे रही है.**

सिरोंज क्षेत्र में कई क्लीनिकों पर झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं. इन क्लीनिकों पर झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की हर तरह की बीमारी का बेधड़क होकर उपचार कर देते है. यह झोलाछाप डॉक्टर मरीजों को इंजेक्शन लगाने से लेकर हर तरह की बीमारी का इलाज करते दिखाई देते है. वही कई बार इनके इलाज से मरीजों की जान पर भी बन आती हैं. इनमें से कई क्लीनिक संचालकों के पास ना तो कोई वैध अनुमति है. ओर ना ही कोई वैध दस्तावेज है. बावजूद इसके क्षेत्र में यह धड़ल्ले से लोगों का इलाज कर रहे हैं. जबकि कई क्लिनिक संचालक जिस पैथी में उनको इलाज करने की अनुमति है, उसके बाद भी वह दूसरी पैथी से इलाज करते दिखाई देते हैं. जब भी इनके इलाज से मरीज की हालत बिगड़ती है, तो यह मरीज को सरकारी अस्पताल भेज देते हैं. इन झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह क्लीनिक संचालित किये जा रहे हैं. इनको लेकर कई बार शिकायतें भी की गई. बावजूद इसके सतत एवं प्रभावी कार्यवाही के अभाव में इन झोलाछाप डॉक्टरों के हौंसले बुलंद है.

### घटना के बाद जागता है प्रशासन

क्षेत्र में जब भी कोई घटना घटित होती है, तो प्रशासन हरकत में आ जाता है. तथा इन अवैध क्लीनिकों की जांच पड़ताल करना शुरू कर देता है. इस दौरान कई बार इन क्लीनिकों पर कार्यवाही भी होती है, लेकिन यह क्लिनिक संचालक कार्यवाही होने के उपरांत कुछ दिनों बाद फिर से दूसरी जगह क्लीनिक शुरू कर लोगों का इलाज करने लगते हैं. यह क्लीनिक संचालक अपने क्लीनिकों को वैध बताते हैं. वही जब कार्यवाही होती है, तो यह क्लीनिकों को बंद कर भाग खड़े होते हैं.

## हाइवे पर कार पंक्चर कर लूट की वारदात

**कुरावर 29 नवम्बर, सं.** नरसिंहगढ़-कुरावर मार्ग पर तीज बडली के यहां मध्य रात्रि को कार सवार लोगों के साथ कुछ अज्ञात लोगों द्वारा कार को पंक्चर कर लूट की वारदात को अंजाम देने की घटना प्रकाश में आई है. शुक्रवार- शनिवार कीक मध्य रात्रि को करीब 3.45 बजे तीज बडली के समीप कार को पंक्चर कर अज्ञात लोग कार में सवार लोगों के पास मौजूद नगदी व आभूषण लूटकर भाग निकले. जानकारी के अनुसार फरियादी सत्यम भट्ट पिता श्रीकांत भट्ट उम्र 28 वर्ष निवासी टीलाजमालपुरा भोपाल बीनागंज में श्रीखाटू श्यामजी के भजन कार्यक्रम में कार द्वारा अपने साथियों के साथ गये हुए थे जब यह वापस भोपाल लौट रहे थे तभी मध्य रात्रि को यह घटना हुई.

# 10 महीने में 919 सड़क हादसे, 352 की मौत

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 29 नवंबर. जिले में बाइक सवारों के लिए सड़क सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है। हेलमेट की अनदेखी सारे नियमों को ताक पर रखना और तेज गति से वाहन चलाने के कारण सडक हादसों में तेजी से इज़ाफा हो रहा है।**

बात वर्ष 2025 की करे तो जनवरी से लेकर अक्टूबर 2025 तक विगत दस महीने में 919 सड़क हादसे हुए है, जिसमें 352 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 929 लोग इन सड़क हादसों में घायल हुए है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण युवा बाइक सवारों के हेलमेट का उपयोग नहीं करने और लापरवाह तरीके से तेज रफ्तार बाइक दौड़ाने की आदतें, सडक दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रही हैं। सडक हादसे रोकने के लिए पुलिस और ट्रॉफिक पुलिस सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक भी करती है, मगर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। कुछ वर्षों की बात की जाए को सबसे अधिक दुर्घटनाएं बाइक सवारों के कारण हुईं, जो तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए या अपनी जान गंवा बैठे। यातायात पुलिस का साफ कहना है, कि हेलमेट सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है, खासकर बाइक सवारों के लिए। सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानलेवा चोटें सिर पर ही आती हैं। सिर पर गंभीर चोट लगने से दुर्घटना में मृत्यु का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

यही कारण है कि हेलमेट पहनने को अनिवार्य किया गया है, लेकिन शहर में हेलमेट पहनने की आदत बहुत कम है, जिससे हर वर्ष कई जानें चली जाती हैं। हेलमेट न पहनने के कारण हर वर्ष मृत्युदर और घायलों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि हेलमेट का सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह सिर की सुरक्षा करता है और दुर्घटना के दौरान होने वाली चोटों को काफी हद तक कम करता है।



जिले और शहर में कुछ सालों में वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है। सडकों पर ट्रॉफिक का दबाव बढ़ा है। सड़क हादसों में इजाफा हुआ है। इन सड़क हादसों को कम करने के लिए दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाले दोनों व्यक्तियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। लेकिन शहर में 8 फीसदी भी वाहन चालक हेलमेट नहीं लगाते है, जबकि दो पहिया वाहन चलाते समय हुए हादसों में सर्वाधिक मौत बिना हेलमेट वालों की हुई है। कुछ समय पहले तो यह भी कहा गया था कि पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के आने वालों को पेट्रोल नहीं दिया जाए, लेकिन यह तमाम नियम, कानून हवा हवाई हो गए।



## कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

नवभारत न्यूज

**बंडा 29 नवम्बर. बरा चौराहा परिसर में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

उद्घाटन विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार ने किया.

प्रतियोगिता में विधानसभा की 32 पुरुष और 3 महिला टीमों ने हिस्सा लिया. खेले गए फाइनल मुकाबले में सेविन किलर बंडा की टीम ने युवा पल्टन को हराकर विजेता बनी.

# खुले आसमान के नीचे खेत में अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

**विदिशा 29 नवम्बर, जिले के कई गांव ऐसे भी जहां पर आज तक मुक्तिधाम का निर्माण ही नहीं हुआ है या हुआ है तो वहां पर अंतिम संस्कार के लिए पुख्ता इंतजाम तक नहीं किए गए हैं.**

ऐसा की मामला शहर से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित कराखेड़ी गांव से सामने आया है जहां पर आज तक मुक्तिधाम ही नहीं बन सका ऐसे में गांव में होने वाले अंतिम संस्कार के लिए निजी जमीन पर ही दाह संस्कार करना गांव वालों की मजबूरी बन गया है. इस गांव में सबसे ज्यादा आबादी दांगी समाज की है. कई सालों से गांव में मुक्तिधाम के निर्माण का इंतजार किया जा रहा है लेकिन निर्माण नहीं हो सका.



### बारिश में होती है सबसे ज्यादा परेशानी

अभी हाल ही में ग्राम कराखेड़ी के रहने वाले एक युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी. जिसका अंतिम संस्कार गांव के बाहर खेत में खुले आसमान के नीचे किया गया था. जब इस बारे में जानकारी ली गई तो मालूम चला की मुक्तिधाम की जमीन का विवाद चल रहा है जिसके चलते खुले आसमान में अंतिम संस्कार किया जा रहा है. सबसे ज्यादा परेशान बारिश के दौरान आती है. गांव वालों को बारिश में तिरपाल का सहारा लेकर अंतिम संस्कार करना पड़ता है. वहीं जहां निजी जमीन पर अंतिम संस्कार होता वहां पर पहुंचने के लिए खेत के बीच से जाना पड़ता है.

## राजस्व टीम के जाते ही आपस में भिड़े ग्रामीण

**खिलचीपुर 29 नवंबर, सं.** सिविल न्यायालय के आदेश पर नायब तहसीलदार भोजपुर एक आवेदक के पक्ष में कब्जा हटवाने गए थे. आवेदक विराम पिता गोपीलाल, अमरचंद पिता गोपीलाल जाति तंवर निवासी छतरपुरा तहसील खिलचीपुर द्वारा ग्राम छतरपुरा में स्थित भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय खिलचीपुर में बीरम तंवर पिता गोपी लाल तंवर विरुद्ध बीरम तंवर पिता स्वर्गीय प्रभूलाल तंवर आदि में पारित निर्णय दिनांक 30.10.2025 की प्रति प्रस्तुत कर कब्जा किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था. न्यायालय के आदेश के पालन में आवेदक को ग्राम छतरपुरा स्थित भूमि का कब्जा दिलाने राजस्व टीम से अभिनय शर्मा प्रभारी राजस्व निरीक्षक, अवधेश पारीक हल्का पटवारी, देवेंद्र मीणा, अजय मीणा आदि मौके पर पहुंचे. कच्चे टपरेलू मकान बीरम पिता प्रभु लाल तंवर आदि के पाये जाने पर आगामी तिथि में उचित बल की मांग करने की बात कर वापस लौट आए.

# वीआईटी कॉलेज की पेयजल टंकियों में मिला बैक्टीरिया

## स्वास्थ्य विभाग व पीएचई ने लिए थे पानी के सैंपल, 18 सैंपल में से 14 की रिपोर्ट सही

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 नवंबर. वीआईटी कॉलेज में बीते दिनों घटित घटनाक्रम के बाद जांच करने लिए गए पानी के सैंपल की रिपोर्ट आ गई है. यूनिवर्सिटी कैंपस से पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम और बाद में पीएचई ने पानी के सैंपल लिए थे. इस तरह 18 सैंपल में से 14 की रिपोर्ट सही पाई गई है लेकिन 4 जगह से लिए सैंपल में कम मात्रा में वैक्टीरिया पाया गया है.**

गौरतलब है कि वीआईटी कॉलेज के विद्यार्थी लगातार शिकायत करते आ रहे थे कि वहां पर दिया जाने वाला खराब क्वालिटी का भोजन और दूषित पानी से वह बीमार हो रहे हैं. इसके बाद कुछ छात्र-छात्राओं को पीलिया की शिकायत होने लगी थी तो वहीं कुछ वायरल फीवर से पीड़ित हो रहे थे. जिला प्रशासन ने एक्शन लेते हुए सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया और अन्य डॉक्टरों की टीम को कॉलेज भेजा था. उस दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों का चेकअप कर कॉलेज परिसर से 3 जगह से पानी के सैंपल लिए थे. इन सभी सैंपल को जांच के लिए भेजा था. घटनाक्रम के दूसरे दिन प्रशासन ने पीएचई की टीम को पानी के सैंपल लेने के लिए भेजा था. पीएचई की टीम ने 15 जगहों से पानी के सैंपल लिए थे. जिन चार जगहों से दोनों टीमों



### सर्वाधिक आक्रोश ब्लॉक एक के छात्रों में दिखा था

मंगलवार की रात सुरक्षा कर्मियों ने जब छात्रों के साथ मारपीट की थी तो स्थिति बिगड़ने लगी थी और छात्रावासों में रह रहे छात्र आक्रोशित हो गए थे. देर रात गुस्साए छात्रों ने बसों समेत कई जगह आग लगा दी थी और तोड़फोड़ कर दी थी. इन छात्रों का कहना था कि जब उनसे भारी भरकम फीस और मेस का पैसा लिया जाता है तो फिर सुविधाएं क्यों नहीं दी जाती हैं. यहां का भोजन गुणवत्ता का नहीं है. पानी भी दूषित मिल रहा है जिससे छात्र बीमार हो रहे हैं.

## महापुरुषों की मनाई जयंती

**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में महापुरुषों की जयंती एवं पुण्य तिथि का आयोजन किया गया.जिसमे समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की पुण्य तिथि हरिवंश राय बच्चन की जयंती और शिव मंगल सिंह सुमन की पुण्य तिथि मनाई गई.संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने करते हुए उन्हें महान व्यक्ति बतालाया वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने ज्योतिबा फुले को महान समाज सुधारक महिला शिक्षा को भड़ावा देने वाले बताया. वहीं शिव मंगल सिंह सुमन और हरिवंश राय बच्चन को देश का महान कवि और साहित्यिक प्रतिभा का धनी बताया.

### एक नजर में



#### शिवाजी वार्ड में भरवाए गए गणना फार्म

**सागर.** एसआईआर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत विधायक शैलेंद्र जैन शिवाजी वार्ड में बीएलओ, पार्षदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जाकर मतदाताओं के गणना फॉर्म भरवाए. इस दौरान उन्होंने नागरिकों को इस प्रक्रिया का महत्व समझाते हुए कहा कि यह निर्वाचन प्रणाली का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है. अभियान के अंतर्गत विधायक जैन ने शिवाजी वार्ड में पहुंचकर कार्य प्रगति की जानकारी भी ली. इस अवसर पर पार्षद हेमंत यादव, अभिमन्यु सोनी, प्रणव कनौआ उपस्थित रहे.

#### मुस्कान अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर.** मुस्कान विशेष अभियान के अंतर्गत कोतवाली द्वारा शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर एएसपी सुनीता रावत द्वारा महिला अपराध एवं महिला सुरक्षा विषय पर जानकारी दी गई. उन्होंने सोशल मीडिया से जुड़े खतरों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी.उन्होंने यह बताया कि किस प्रकार युवा इन अपराधों से स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं. कार्यक्रम में बीईओ दीपा कीर, सूबेदार प्राची राजपूत, उपनिरीक्षक कंचन राजपूत, प्रियंका भील एवं प्रियंका मेवाड़ा तथा प्राचार्य आलोक शर्मा,अंजू चौहान,मधुलिका विश्वकर्मा, सुलेखा, प्रिया दुबे, श्याम सिंह ठाकुर, सीमा खरे, अजय तोमर, रामनरेश, जीवंती तिग्गा उपस्थित थे.

#### कांग्रेस पार्षदों ने एसडीएम को पत्र सौंपा

**पाथाखेड़ा।** नगरपालिका परिषद सारनी के कांग्रेस पार्षदों ने 1 से 3 दिसंबर 2025 तक प्रस्तावित बैठक एवं जनहित विषयों पर आंदोलन कार्यक्रम के आयोजन के लिए एसडीएम शाहपुर से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का आग्रह किया है। यह बैठक नगर विकास, वित्तीय विषमता, पेयजल समस्या, स्वच्छता व्यवस्था सहित अन्य सार्वजनिक मुद्दों पर विमर्श एवं निर्णय के उद्देश्य से आयोजित की जानी है। परिषद नेता प्रतिपक्ष आनंद नागले द्वारा प्रेषित पत्र में बताया गया है कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 150 पार्षद एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्षदों ने स्पष्ट किया कि आयोजन नियमों के अनुरूप हो, इसके लिए प्रशासनिक सहयोग एवं सुरक्षा व्यवस्था अपेक्षित है। साथ ही चेतावनी दी कि अनुमति न मिलने की स्थिति में जन समस्याओं के समाधान हेतु आंदोलन की नौबत आ सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कार्यक्रम के पत्र की प्रतिलिपि एसडीओपी, थाना प्रभारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को भी भेजी गई है। पत्र के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है और अब प्रशासनिक निर्णय पर निगाहें टिकी हैं।

#### राष्ट्रीय जंबूरी में विदिशा प्रथम

**विदिशा,** लखनऊ उ.प्र. में भारत स्काउट-गाइड द्वारा आयोजित 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी में विदिशा जिले ने जिला गेट, प्रदर्शनी, गैजेट्स और कैंप क्राफ्ट में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया .राज्य मुख्यालय भोपाल के दल नेता बीएल शर्मा द्वारा जैसे ही विदिशा का नाम घोषित किया गया, 35 सदस्यीय दल में उत्साह की लहर दौड़ गई .जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव और जिला संगठन आयुक्त अनीता पटले के निर्देशन में जिला दल नेता हरिहर चतुर्वेदी, सहायक दल नेता हनीफ खान मंसूरी, स्काउटर-गाइडर संदीप जैन, रेखा शर्मा और फरहत उन्नीसा खान के नेतृत्व में 22 स्काउट एवं 8 गाइडों ने सहभागिता की .छह दिवसीय आयोजन का भव्य समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया .समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, राष्ट्रीय मुख्यायुक्त केके खंडेलवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जैन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे .राष्ट्रपति ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन सर्वधर्म समभाव का उत्कृष्ट उदाहरण है, जबकि मुख्यमंत्री ने जंबूरी को बच्चों का मिनी कुंभ बताया और सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी.

## जमीन विवाद में दो भाइयों की हत्या

नवभारत न्यूज

**सागर 29 नवम्बर. सानौधा थाना अंतर्गत ग्राम चांदवर मे जमीन विवाद पर से दो सगे भाईयो की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है. पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच मे ले लिया है और आरोपी चाचा व चचेरे भाई को पुलिस अभिरक्षा मे ले लिया है.**

सानौधा थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शुक्रवार की शाम को चांदवर निवासी सगे भाई दीपेश धानक उम्र 20 वर्ष और आकाश धानक उम्र 18 वर्ष पर चाचा सुरेश धानक और चचेरे भाई सचिन धानक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया.

गंभीर रूप से घायल दोनो भाईयो को उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया और रात मे ही आपरेशन के बाद दोनो की उपचार के दौरान मौत हो गई, पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनो को सौप दिए गए, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया. पुलिस ने हत्या के आरोपी चाचा और चचेरे भाई को अभिरक्षा मे ले लिया है. मिली जानकारी के अनुसार माँ शांति बाई बसंल बकरियों की दवा लेने रिश्तेदार के घर तक गई थीं इसी दौरान डेढ़ एकड़ जमीन को लेकर कहासुनी हो गई.

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में गत रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फरियादी नेपाल धाकड़ ने थाने पहुंचकर बताया कि उसके भाई गिर्राज धाकड़ अपनी पत्नी मिथलेश और बेटी साक्षी के साथ प्लेटीना बाइक से मणीधारी गार्डन से देवपुर लौट रहे थे। रात करीब 11.20 बजे भगतसिंह कॉलोनी गेट के पास पीछे से आए ट्रक क्रमांक एमपी 33-6185 ने तेज और लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों सडक पर गिरकर घायल हो गए।

# स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में उतरे लोग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 नवम्बर, का. विद्युत विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य विगत दिवस से किया जा रहा है. शनिवार को शहीद कॉलोनी में जब स्मार्ट मीटर लगाने ठेकेदार कर्मचारी पहुंचे तो लोगों ने बिना उपभोक्ताओं की अनुमति के जोर जबर्दस्ती, मनमाने तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने का आरोप लगाते हुए मीटर लगाने का विरोध किया.**

लोगों ने सिटी पुलिस थाने पहुंचकर आवेदन सौंपकर कहा कि उपभोक्ताओं के बगैर अनुमति के ठेकेदार के कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगा रहे है. जिसे रोका जाये. गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर को लेकर प्रारंभ से ही विरोधाभाष की स्थिति बनी हुई है. कई जगहों पर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध हुआ. स्मार्ट मीटर को लेकर यह बात सामने आती रही है कि स्मार्ट मीटर तेजी के साथ यूनिट बनाते है, इससे उपभोक्ताओं को भारी भरकम राशि के बिल आ रहे है, जिससे लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा. साथ ही कहा जा रहा है कि विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर किसी प्रकार की जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं दी जा रही है.



**लापरवाही** ऑपरेशन के लिए दो महिलाओं के बीच दिया एक पलंग

# अस्पताल के नसबंदी शिविर में गंभीर लापरवाही आई सामने

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। मुख्यालय पर स्थित अस्पताल में आयोजित नसबंदी शिविर में स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही देखने में आई है। जिसमें ऑपरेशन कराने आई महिलाओं के परिजनों ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर शासन से मिलने वाली मूलभूत सुबिधाओं से बंचित रखने का आरोप लगाया है। जबकि नसबंदी शिविर के लिए शासन द्वारा लाखों रूपए खर्च करने की बात कही जाती है। इसके बावजूद भी महिलाओं को नसबंदी के दौरान काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा।**



यहां ऑपरेशन के बाद महिलाओं को लाने ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं थे, जिसके कारण परिजन मरीजों को अपने हाथों से उठाकर बाहर ले गए। इसके अलावा महिलाओं को घर तक पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, जिससे परिजनों को किराए के वाहनों का सहारा लेकर घर तक पहुंचना पड़ा। शिविर जिला अस्पताल में जतारा क्षेत्र की महिलाओं के लिए लगाया गया था।

ऑपरेशन के बाद मरीजों को पलंग तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं दिए गए। परिजनों ने बताया कि एक ही पलंग पर दो-दो महिलाओं को लिटाया गया था, जिससे मरीजों को असुविधा हुई। दरअसल आयोजित नसबंदी शिविर में स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को लाने-ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं थे जिसके कारण परिजनों को मरीजों को हाथों में उठाकर ले जाना पड़ा। इसके अलावा महिलाओं को घर तक पहुंचाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी जिससे परिजनों को किराए के वाहन का सहारा लेना पड़ा।

शिविर जिला अस्पताल में जतारा क्षेत्र की महिलाओं के लिए लगाया गया था। ऑपरेशन के बाद मरीजों को पलंग तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं दिए गए। परिजनों ने बताया कि एक ही पलंग पर दो-दो महिलाओं को लिटाया गया था, जिससे मरीजों को असुविधा हुई।

## तम्बाकू मुक्त की दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी डॉ पीके माहौर निर्देशन में जिले में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का संचालित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 टीकमगढ़ में छात्र-छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई गई। जिला चिकित्सालय नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ वरदत्त जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वयं तथा अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही छात्र छात्राओं को कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4,5,6,7,के प्रावधानों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।